Serial Number

Roll No. ____________

# U-623

**A**
SET/सेट

हायर सेकेण्ड्री मुख्य परीक्षा वर्ष - 2023

**Higher Secondary Examination (Main) - 2023**

## बुक कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी

## BOOK KEEPING & ACCOUNTANCY

(Hindi & English Versions)

| Total Questions : **23** | Total Printed Pages : **15+1** Blank | Time : **3** Hours | Maximum Marks : **80** |
|---|---|---|---|

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रति वस्तुनिष्ठ **01** अंक है । प्रश्न के अंक सामने दर्शाए गए हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक **6** से **15,** प्रत्येक प्रश्न **2** अंक, शब्द सीमा **30** शब्द।

(iv) प्रश्न क्रमांक **16** से **19,** प्रत्येक प्रश्न **3** अंक, शब्द सीमा **75** शब्द।

(v) प्रश्न क्रमांक **20** से **23,** प्रत्येक प्रश्न **4** अंक, शब्द सीमा **120** शब्द।

(vi) प्रश्न क्रमांक **6** से **23** तक सभी में आंतरिक विकल्प हैं।

(vii) संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का बंधन नहीं है।

**Instructions :**

(i) All questions are **compulsory** to solve.

(ii) Question Nos. **1** to **5** are objective type questions. Each objective carries **01** mark. Marks of each question are given before the question.

(iii) Question Nos. **6** to **15,** each question **02** marks, word limit **30** words.

(iv) Question Nos. **16** to **19,** each question **03** marks, word limit **75** words.

(v) Question Nos. **20** to **23,** each question **04** marks, word limit **120** words.

(vi) Question No. **6** to **23** have internal options.

(vii) There is no limit of words in numerical questions.

---

**1** सही विकल्प चुनिए : **1×6=6**

(i) लाभांश का भुगतान किस प्रकार की क्रिया है?

(अ) संचालन क्रिया (ब) विनियोग क्रिया

(स) वित्तीय क्रिया (द) डूबत ऋण

(ii) कौन से अनुपात प्रमुख रूप से प्रत्याय की गणना करते हैं?

(अ) द्रवता (ब) क्रियाशीलता

(स) ऋण (द) लाभप्रदता

(iii) कौन से अनुपात फर्म की दीर्घकालीन प्रचालनों के संबंध में आलोचनात्मक सूचनाएँ देते हैं?

(अ) द्रवता (ब) क्रियाशीलता

(स) ऋण शोधन क्षमता (द) लाभप्रदता

(iv) कंपनी के वित्तीय विवरण बनाना होता है :

(अ) ऐच्छिक (ब) अनिवार्य

(स) जरूरी नहीं (द) इनमें से कोई नहीं

(v) साझेदार के प्रवेश पर, पुराने तुलनपत्र में दर्शाए गए सामान्य संचय हस्तांतरित करेंगे :

(अ) सभी साझेदारों के पूँजी खाते में

(ब) नए साझेदारों के पूँजी खाते में

(स) पुराने साझेदारों के पूँजी खाते में

(द) इनमें से कोई नहीं

(vi) साझेदारी संलेख न होने की दशा में साझेदारों के आहरण पर ब्याज :

(अ) 6% (ब) 10%

(स) 8% (द) कोई ब्याज नहीं

Choose the correct option :

(i) To which activity payment of dividend belong ?

(A) Operating activity (B) Investing activity

(C) Financing activity (D) Bad debts

(ii) Which ratios are primarily measures of return ?

(A) Liquidity (B) Activity

(C) Debt (D) Profitability

(iii) Which ratios provide the information critical to the long run operation of the firm ?

(A) Liquidity (B) Activity

(C) Solvency (D) Profitability

(iv) Preparation of financial statements of a company is :

(A) Voluntary (B) Compulsory

(C) Not essential (D) None of these

(v) On admission of a partner, general reserve appearing in the old balance sheet is transferred to :

(A) all partners' capital accounts

(B) new partners' capital accounts

(C) old partners' capital accounts

(D) none of these

(vi) Interest on partner's drawings in the absence of partnership deed :

(A) 6% (B) 10%

(C) 8% (D) No interest

**2** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×7=7

(i) साझेदारी का जन्म ________ से होता है।

(ii) स्थिर पूँजी पद्धति में पूँजी खाते का सदैव ________ शेष रहता है।

(iii) नए साझेदार द्वारा लाई गई प्रीमियम की राशि को पुराने साझेदारों में ________ अनुपात में बाँटा जाता है।

(iv) सबसे अधिक मूल्य ________ के स्वभाव वाली ख्याति का होता है।

(v) कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट को ________ के लिए निर्गमित किया जाता है।

(vi) सामान्य आकार के विश्लेषण को ________ विश्लेषण के नाम से भी जानते है।

(vii) परिसंपत्ति की बिक्री ________ प्रकार की क्रियाकलाप है।

Fill in the blanks :

(i) Partnership originates with ________.

(ii) In fixed capital method, the capital accounts always show ________ balance.

(iii) Premium brought by new partner is distributed to old partners in ________ ratio.

(iv) ________ type of goodwill fetches highest value.

(v) The annual reports of a company are issued to its ________.

(vi) Common size analysis is also known as ________ analysis.

(vii) Sale of property is ________ type of activity.

**3** सही जोड़ी बनाइए : **1×6=6**

| अ | ब |
|---|---|
| (i) ऋणपत्रधारक | (1) पुराने साझेदारों का त्याग |
| (ii) पुनर्मूल्यांकन पर हानि | (2) आंतरिक दायित्व |
| (iii) समान लाभालाभ अनुपात | (3) कंपनी के ऋणदाता |
| (iv) साझेदार का ऋण | (4) कंपनी के स्वामी |
| (v) नए साझेदार का प्रवेश | (5) पूँजी खाते के डेबिट पक्ष में |
| (vi) अंशपत्रधारी | (6) साझेदारी संलेख के अभाव में |

Match the columns :

| A | B |
|---|---|
| (i) Debentureholders | (1) Sacrifice by old partners |
| (ii) Loss on Revaluation | (2) Internal liability |
| (iii) Equal profit loss sharing ratio | (3) Creditors of company |
| (iv) Loan by partner | (4) Owners of company |
| (v) Admission of new partner | (5) Dr. side of capital account |
| (vi) Shareholders | (6) Absence of partnership deed |

4 एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(i) ऋणपत्रों का प्रतिफल क्या कहलाता है ?

(ii) A, B तथा C का लाभ विभाजन अनुपात $5/10 : 6/20 : 4/20$ है।
यदि C सेवानिवृत्त होता है, तो नया लाभ विभाजन अनुपात होगा –

(iii) पुनर्गठन पर संपत्तियों और दायित्वों के मूल्य में आए परिवर्तन को किस खाते में दर्शाया जाता है ?

(iv) स्थिर पूँजी पद्धति में पूँजी खाते के साथ कौन सा खाता भी बनाया जाता है ?

(v) साझेदारी संलेख न होने पर साझेदार द्वारा दिए गए ऋण पर कितना ब्याज देय होता है ?

(vi) साझेदार की मृत्यु होने पर उसका दावा किसे हस्तांरित हो जाएगा ?

(vii) अंश हरण खाते का शेष किस खाते में हस्तांतरित किया जाता है ?

Answer in one word / sentence :

(i) The return on debentures is called -

(ii) The profit sharing ratio of A, B and C is $5/10 : 6/20 : 4/20$.
What will be the new profit sharing ratio if C retires ?

(iii) The change in the value of assets and liabilities on reconstitution is recorded in which account ?

(iv) Which account is also prepared alongwith capital account in fixed capital method ?

(v) How much interest is payable on the loan of a partner in the absence of partnership deed ?

(vi) On the death of a partner, his claim is transferred to which account ?

(vii) The balance of share forfeiture account is transferred to which account ?

5 सत्य / असत्य लिखिए : 1×6=6

(i) फर्म के विघटन पर बैंक अधिविकर्ष को बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाता है।

(ii) प्रदत्त पूँजी, याचित पूँजी से अधिक हो सकती है।

(iii) पूँजी संचय का निर्माण, पूँजी लाभों से किया जाता है।

(iv) प्रस्तावित लाभांश को आकस्मिक देयता के रूप में दिखाया जाता है।

(v) व्यावसायिक उद्यम के वित्तीय विवरणों में रोकड़ प्रवाह विवरण सम्मिलित है।

(vi) ऋणपत्र स्वामित्व पूँजी का एक हिस्सा है।

Write True / False :

(i) Bank overdraft is transferred to Bank account on the dissolution of a firm.

(ii) Paid up capital can exceed called-up capital.

(iii) Capital Reserves are created from Capital Profits.

(iv) Proposed dividend is shown as contingent liability.

(v) The financial statements of a business include Cash Flow Statement.

(vi) Debenture is a part of owned capital.

6 साझेदारी संलेख क्या है? 2

What is partnership deed?

**अथवा / OR**

साझेदारी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

Write any two characteristics of partnership.

7 न्यायालय के द्वारा फर्म के विघटन की किन्हीं दो परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए। 2

Write any two circumstances when a court can issue order for dissolution of a firm.

अथवा / OR

फर्म के अनिवार्य विघटन की कोई दो परिस्थितियाँ लिखिए।

Write any two circumstances for compulsory dissolution of a firm.

8 अनु, वनु तथा तनु 4 : 3 : 2 के अनुपात में साझेदार हैं। अनु सेवानिवृत्त होती है तथा वनु और तनु भविष्य के लाभों का बँटवारा 5 : 3 में करने का निर्णय लेती हैं। अधिलाभ/प्राप्ति अनुपात ज्ञात कीजिए। 2

Anu, Vanu and Tanu are partners in the ratio of 4 : 3 : 2. Anu retires. Vanu and Tanu decide to share future profits in the ratio of 5 : 3. Calculate Gaining Ratio.

अथवा / OR

X, Y तथा Z 3 : 2 : 1 के अनुपात में साझेदार हैं। X सेवानिवृत्त होता है तथा उसका भाग Y तथा Z के द्वारा 3 : 2 के अनुपात में ले लिया जाता है। नया लाभ विभाजन अनुपात ज्ञात कीजिए।

X, Y and Z are partners in the ratio of 3 : 2 : 1. X retires and his share is taken up by Y and Z in the ratio of 3 : 2. Calculate new profit sharing ratio.

9 परिवर्तनीयता के दृष्टिकोण से ऋणपत्रों के प्रकार समझाइए। 2

Explain types of debentures from the point of view of convertibility.

अथवा / OR

सुरक्षा के दृष्टिकोण से ऋणपत्रों के प्रकार समझाइए।

Explain types of debentures from the point of view of security.

**10** अधिकृत पूँजी से क्या आशय है?

What is meant by Authorised Capital?

**अथवा / OR**

अयाचित पूँजी से क्या आशय है?

What is Un-called Capital?

**11** पूर्वाधिकार अंशों की दो विशेषताएँ लिखिए। **2**

Write two characteristics of Preference Shares.

**अथवा / OR**

अंश पूँजी से क्या आशय है?

What is meant by Share Capital?

**12** अंशों के हरण से क्या आशय है? **2**

What is meant by Forfeiture of Shares?

**अथवा / OR**

अति–अभिदान की स्थिति में कंपनी कौन से दो विकल्प अपना सकती है? लिखिए।

Which are two options available with the company on the condition of Over - subscription? Write.

**13** श्री लि. ने हैवी मशीन लि. से 3,80,000 रु. में एक मशीन का क्रय किया। **2**

क्रय समझौते के अनुसार 20,000 रु. का नकद भुगतान और शेष राशि 100 रु. प्रत्येक के अंशों का निर्गमन करके किया जाएगा । श्री लि. की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

Shree Ltd. purchased a machine worth Rs. 3,80,000 from Heavy Machine Ltd. As per purchase agreement, Rs. 20,000 were paid in cash and balance by issue of shares of Rs. 100 each. Give necessary journal entries in the books of Shree Ltd.

**अथवा / OR**

ABC Ltd. ने XYZ Ltd. से 5,40,000 रु. में एक भवन क्रय किया और इसका भुगतान 100 रु. प्रत्येक के अंशों का निर्गमन 20% अधिमूल्य पर निर्गमन करके किया। ABC Ltd. की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

ABC Ltd. purchased a building worth Rs. 5,40,000 from XYZ Ltd. and the payment was made by the issue of shares of Rs. 100 each issued at 20% premium. Give necessary journal entries in the books of ABC Ltd.

14 अनुपात विश्लेषण के दो उद्देश्य लिखिए। 2

Write two objectives of Ratio Analysis.

**अथवा / OR**

अनुपात विश्लेषण की दो सीमाएँ लिखिए।

Write two limitations of Ratio Analysis.

15 'रोकड़ तुल्यांक' से क्या आशय है? 2

What is meant by 'Cash Equivalents'?

**अथवा / OR**

वित्तीय क्रियाकलापों द्वारा रोकड़ अंतर्वाह के दो उदाहरण लिखिए।

Write two examples of cash inflows by financing activities.

16 अंशी और आयुषी 3 : 2 के अनुपात में साझेदार हैं । वे अमन को $3/10$ भाग के लिए फर्म में प्रवेश देते हैं जिसे अमन अंशी से $2/10$ भाग और आयुषी से $1/10$ भाग प्राप्त करता है। 3

नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना कीजिए।

Anshi and Ayushi are partners in the ratio of 3 : 2. They admit Aman for $3/10$ share which he acquired $2/10$ from Anshi and $1/10$ from Ayushi.

Calculate new profit sharing ratio.

**अथवा / OR**

एक व्यवसाय पिछले कुछ वर्षों में 1,00,000 रु. का औसत लाभ अर्जित करता है और इसी प्रकार के व्यवसाय में प्रतिफल की सामान्य दर 10% है । यदि व्यवसाय की कुल संपत्तियाँ 10,00,000 रु. की और बाह्य देयताएँ 1,80,000 रु. की हैं तो पूँजीगत अधिलाभ विधि द्वारा ख्याति की गणना कीजिए।

A business has earned average profits of Rs. 1,00,000 during the last few years and the normal rate of return in similar business is 10%. If the Total Assets of business are of Rs. 10,00,000 and external liabilities are Rs. 1,80,000, then calculate goodwill by capitalisation of super profits.

17 विमल और निर्मल 3 : 2 के अनुपात में साझेदार हैं। वे $1/3$ भाग के लिए सुशील को साझेदारी में प्रवेश देते हैं। सुशील अपनी पूँजी के लिए 30,000 रु. लाता है तथा अपने भाग की आवश्यक ख्याति की राशि भी रोकड़ में लाता है। प्रवेश की तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 24,000 रु. हुआ। 12,000 रु. की ख्याति फर्म की पुस्तकों में पहले से मौजूद है। फर्म की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए। 3

Vimal and Nirmal are partners in the ratio of 3 : 2. They admit Sushil for $1/3$ share. Sushil brings Rs. 30,000 for his capital and also brings necessary amount of his share of goodwill in cash. On the date of admission, the goodwill of the firm is valued at Rs. 24,000. Goodwill already appears in the books at Rs. 12,000.

Give necessary journal entries in the books of the firm.

अथवा / **OR**

सोनू और संदीप 3 : 2 के अनुपात में साझेदार हैं। वे नीरज को लाभ में $\frac{1}{3}$ भाग के लिए प्रवेश देते हैं। नीरज पूँजी के लिए 30,000 रु. लाता है किन्तु वह अपने भाग की ख्याति रोकड़ में लाने में असमर्थ है । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 9,000 रु. किया गया है।

आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

Sonu and Sandeep are partners in the ratio of 3 : 2. They admit Neeraj for $\frac{1}{3}$ share in profits. Neeraj brings Rs. 30,000 for his capital but failed to bring his share of goodwill in cash. The goodwill of the firm is valued at Rs. 9,000.

Give necessary journal entries.

18 वाहक ऋणपत्र से क्या आशय है ? 3

What are Bearer Debentures ?

**अथवा / OR**

श्रेयस लि. ने प्रति ऋणपत्र 100 रु. के 10,000 ऋणपत्र जारी किए। जनता ने 9,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन किया जो पूर्णतः आवंटित किए गए । अपेक्षित राशि एक मुश्त प्राप्त की गई। श्रेयस लि. की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

Shreyas Ltd. issued 10,000 debentures of Rs. 100 each. The public applied for 9,000 debentures which were fully allotted. All the money was received in lump-sum.

Give necessary journal entries in the books of Shreyas Ltd.

19 निम्न मदों को कंपनी के तुलनपत्र में किन शीर्षक और उपशीर्षक (यदि हो तो) के अंतर्गत दर्शाया जाएगा 3

(i) प्रतिभूति प्रीमियम

(ii) देय विपत्र

(iii) रहतिया

Under which Heads and Sub-heads (if any) the following are shown in the Company's Balance Sheet :

(i) Securities Premium

(ii) Bills payable

(iii) Stock

**अथवा / OR**

वित्तीय विशेषण की कोई तीन सीमाएँ लिखिए।

Write any three limitations of Financial Analysis.

20 अक्षय, भानु एवं चक्रेश ने 01 अप्रैल, 2016 को क्रमशः 5,00,000 रु., 4,00,000 रु. तथा 3,00,000 रु. पूँजी लगाकर साझेदारी फर्म स्थापित की । शेष जानकारियाँ निम्न हैं : 4

(i) लाभ अनुपात 3 : 2 : 1 है।

(ii) पूँजी पर 6% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज देय है।

(iii) अक्षय को वार्षिक 1,20,000 रु. वेतन देय है।

(iv) भानु को प्रतिवर्ष 50,000 रु. कमीशन के देय हैं।

(v) आहरण – अक्षय 60,000 रु., भानु 40,000 रु. तथा चक्रेश 20,000 रु. है।

(vi) आहरण पर ब्याज – अक्षय 2,700 रु., भानु 1,800 रु. तथा चक्रेश 900 रु. है।

लाभ – हानि खाते के अनुसार 31 मार्च, 2017 को निवल लाभ 3,56,600 रु. है।

लाभ-हानि नियोजन खाता तैयार कीजिए।

Akshay, Bhanu and Chakresh established partnership firm on 01 April, 2016 by investing Rs. 5,00,000, Rs. 4,00,000 and Rs. 3,00,000 as capital. Other informations are as below :

(i) Profit Sharing Ratio is 3 : 2 : 1.

(ii) 6% p.a. interest is payable on capital.

(iii) Akshay to be paid yearly salary of Rs. 1,20,000.

(iv) Bhanu will get yearly commission Rs. 50,000.

(v) Drawings - Akshay Rs. 60,000; Bhanu Rs. 40,000 and Chakresh Rs. 20,000.

(vi) Interest on drawings – Akshay Rs. 2,700; Bhanu Rs. 1,800 and Chakresh Rs. 900.

The Net Profit as per Profit and Loss Account for the year ending 31 March, 2017 was Rs. 3,56,600.

Prepare Profit & Loss Appropriation Account.

**अथवा / OR**

अमित और बाबू 3 : 2 के अनुपात में साझेदार हैं। वे चारू को लाभ के $\frac{1}{6}$ भाग के लिए प्रवेश देते हैं। पूँजी पर ब्याज 10% वार्षिक की दर से देय है। अमित ने व्यक्तिगत रूप से चारू को गारन्टी दी है कि पूँजी पर ब्याज के पश्चात् उसका लाभ 30,000 रु. से कम नहीं होगा। साझेदारों की पूँजी – अमित 2,50,000 रु; बाबू 2,00,000 रु. और चारू 1,50,000 रु. है। वर्ष की समाप्ति पर पूँजी पर ब्याज देने के पहले लाभ 1,50,000 रु. था । यदि नया लाभ विभाजन अनुपात 3 : 2 : 1 है, तो लाभ–हानि नियोजन खाता बनाइए ।

Amit and Babu are partners in the ratio of 3 : 2. They admit Charu for $\frac{1}{6}$ share in profits. Interest on capital is payable @ 6% p.a. Amit personally guaranteed that Charu's share of profit after charging interest on capital would not be less than Rs. 30,000.

Partner's capital were – Amit Rs. 2,50,000; Babu Rs. 2,00,000 and Charu Rs. 1,50,000. The profit for the year before charging interest on capital was Rs. 1,50,000. If the new profit sharing ratio is 3 : 2 : 1, prepare Profit and Loss Appropriation Account.

21 अजीत, महेश तथा सुजीत साझेदार हैं। महेश फर्म से सेवानिवृत्त होता है। उस तिथि को उसको 6,00,000 रु. देय हैं। उसको देय राशि का भुगतान चार वार्षिक किश्तों में, बकाया राशि पर 12% प्रतिवर्ष ब्याज के साथ किया जाएगा। 4

महेश का ऋण खाता तैयार कीजिए।

Ajeet, Mahesh and Sujeet are partners. Mahesh retires from the firm. On that date. Rs. 6,00,000 are payable to him. The amount due to Mahesh will be paid in four yearly instalments with interest @ 12% p.a. on the unpaid balance.

Prepare Mahesh's loan account.

**अथवा / OR**

संपत्तियों एवं दायित्वों के पुनर्मूल्यांकन हेतु तथा इसके लाभ / हानि समायोजन हेतु जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए ।

Write journal entries for the revaluation of assets and liabilities and for adjustment of its profit / loss on the Revaluation.

22 सुरभि, जिसके पास 10 रु. प्रत्येक के 5,000 अंश हैं, उसने आवंटन राशि 4 रु. प्रति अंश (2 रु. अधिमूल्य सहित) और 3 रु. प्रथम और अंतिम माँग राशि का भुगतान नहीं किया। उसके अंशों को प्रथम और अंतिम माँग के बाद हरण कर लिया गया। अंशों के हरण की प्रविष्टि कीजिए। 4

Surabhi, a shareholder holding 5,000 shares of Rs. 10 each, did not pay the allotment money of Rs. 4 per share (including premium of Rs. 2) and the first and final call of Rs. 3 per share. Her shares were forfeited after first and final call. https://www.mpboardonline.com

Give journal entry for forfeiture of shares.

**अथवा / OR**

अंशों पर प्राप्त अधिमूल्य के चार उपयोग लिखिए।

Write the uses of securities premium received on shares.

23 रोकड़ प्रवाह विवरण बनाने के कोई चार लाभ लिखिए। 4

Write any four advantages of preparing Cash Flow Statement.

**अथवा / OR**

विनियोग / निवेश क्रियाकलापों से रोकड़ अंतर्वाह तथा बहिर्वाह के उदाहरण लिखिए।

Write examples of cash inflows and outflows from Investing activities.